# सेफ़लोसील (Cephalocele)

*रोगी सूचना श्रृंखला - आपको क्या जानना चाहिए, आपको क्या पूछना चाहिए।*

सेफ़लोसील क्या है**?**

सेफ़लोसेले एक ऐसी स्थिति है जिसमें  ब्रेन के टिशूज और मेंबरेन, खोपड़ी में एक छेद से बाहर निकल जाते है। यह एक रेयर कंडीशन है। ये तब होता है, जब भ्रूण के प्रारंभिक विकास में न्यूरल टूब पूरी तरह से बंद नहीं होता है।

सेफ़लोसील का क्या कारण है**?**

सेफ़लोसीलका सटीक कारण पूरी तरह से समझा नहीं गया है, लेकिन जेनेटिक और एनवायरनमेंटल कारणों से संबंधित है जो भ्रूण के विकास के पहले दिनों में न्यूरल ट्यूब विकास को प्रभावित करते है।जोखिम को बढ़ाने वाले कारकों में कुछ दवाएं, फॉलिक एसिड की कमी और जेनेटिक म्यूटेशन शामिल है।

क्या मुझे और टेस्ट करवाने चाहिए**?**

रेगुलर अल्ट्रासाउंड से शुरूआती डायग्नोसिस के बाद स्थिति की गंभीरता का आंकलन  होता है।नियमित अल्ट्रासाउंड के माध्यम से डायग्नोसिस के बाद, स्थिति की सीमा का आंकलन  करने और यह निर्धारित करने के लिए क्या अन्य विसंगतियां मौजूद है अन्य जॉच की ज़रूरत होती है. है। आप यह तय करने के लिए अपने देखभालकर्ता और/या मातृ - फीटल मेडिसिन स्पेशियलिस्ट  से परामर्श कर सकती है कि गर्भावस्था को समाप्त करना आपके और आपके परिवार के लिए सही विकल्प है या नहीं। भ्रूण के मस्तिष्क और सेंट्रल नर्वस सिस्टम के विस्तृत अल्ट्रासाउंड के साथ - साथ भ्रूण की MRI, जैसे की क्रोमोसोम माइक्रोएयर या संपूर्ण एक्सोम अनुक्रमण के साथ एमिनोसेंटेसिस या कोरियनिक विलस सैंपलिंग (सीवीएस), यह निर्धारित करने में मदद कर सकते है की सेफ़लोसेले अनुवांशिक सिंड्रोम का हिस्सा है या नहीं।

मेरी गर्भावस्था के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए**?**

आपकी गर्भावस्था के दौरान, आपके और आपके बच्चे दोनों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए नियमित जांच महत्वपूर्ण है। आपके डॉक्टर हाइड्रोसिफ़लस जैसी समस्याओं पर नज़र रखने के लिए कई बार अल्ट्रासाउंड या दूसरे टेक्निकल जॉच का सुझाव दे सकते है, जो सेफलोसील के साथ हो सकता है।

जन्म के बाद मेरे बच्चे के लिए इसका क्या मतलब है**?**

जन्म के बाद सेफलोसेले (Cephalocele) की सर्जरी की जाती है, जिसमें खोपड़ी के छेद को रिपेयर करते हैं, और दिमाग़ के टिश्यु को अन्दर किया जाता है।
सेफलोसेले का प्रोगनोसिस छेद के आकार पर निर्भर करता है एवं  दिमाग़  के अन्य हिस्से और   शरीर के अन्य अंग प्रभावित हुए हैं या नहीं.

यदि आपका बच्चा सेफलोसील  से पीड़ित है, तो भविष्य में गर्भावस्था में इस स्थिति के होने का जोखिम थोड़ा बढ़ सकता है। अपने ख़तरे और बचने को के लिए अपने जेनेटिक काउंसलर से चर्चा करें, जैसे कि प्रेग्नेंसी से पहले फॉलिक एसिड की गोली लेना .

**मुझे और कौन से प्रश्न पूछने चाहिए?**

- सेफलोसील मेरे बच्चे के विकास और जीवन की गुणवत्ता को कैसे प्रभावित करेगा?
- मेरे बच्चे की देखभाल में कौन से फैक्टर्स शामिल होंगे?
- क्या ऐसे कोई विशिष्ट लक्षण या संकेत हैं जिनके बारे में मुझे गर्भावस्था के दौरान तुरंत सूचित करना चाहिए?
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के परिवारों के लिए कौन सी सहायता सेवाएं उपलब्ध हैं?

*Last updated 2024*